जेवर एयरपोर्ट व फिल्म सिटी के बीच पॉड टैक्सी पर फैसला आज

ग्रेटर नोएडा। नोएडा एयरपोर्ट से फिल्म सिटी, आवासीय और औद्योगिक सेक्टरों के बीच पॉड टैक्सी चलाने को लेकर सोमवार को शासन फैसला लेगा। मंजूरी मिलने के बाद कंपनी के चयन के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल निकाला जाएगा। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर परियोजना तैयार होगी। फरवरी तक इसके टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रस्तावित कॉरिडोर की लंबाई करीब साढ़े 14 किलोमीटर होगी और इसके परियोजना पर 641 करोड़ रुपये से अधिक खर्च का अनुमान है।

यमुना प्राधिकरण ने मेडिकल डिवाइस, फिल्म सिटी, टॉय पार्क, एमएसएमई, पतंजलि, हैंडीक्राफ्ट पार्क, अपैरल पार्क, लैदर पार्क व सेक्टर-28 और 29 समेत कई सेक्टरों को औद्योगिक निवेश के लिए तैयार किया है। इसमें तीन कंपनियों ने अपना उत्पादन कार्य शुरू कर दिया है। कई कंपनियां फरवरी तक काम शुरू करा देंगी। ऐसे में परिवहन के संसाधनों की आवश्यकता होगी। यमुना प्राधिकरण ने पॉड टैक्सी चलाने की योजना बनाई है। पहले चरण में नोएडा एयरपोर्ट से फिल्म सिटी तक ही इसे बनाया जाएगा। इसकी डीपीआर केंद्र सरकार की कंपनी इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कॉरपोरेशन लिमिटेड ने तैयार की है। डीपीआर को यमुना प्राधिकरण बोर्ड से पास कराया जा चुका है। ब्यूरो